04 खातेगांव विधानसभा में विदिशा लोकसभा ...




07 संत शिरोमणि सेन महाराज का जावर में निकला ...



### विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर छाया, पानी, दवाइयां सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई

# विधानसभा सुसनेर: 307 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 37 हजार 260 मतदाता आज डालेंगे अपना वोट



**लक्की ड्रॉ में चयनित 3 मतदाताओं को मिलेगा आकर्षक इनाम**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा/नलखेड़ा

जिले की विधानसभा सुसनेर लोकसभा क्षेत्र राजगढ़ में तीसरे चरण में 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होंगे। इसके लिए सभी चुनावी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पोलिंग पार्टियां भी मतदान सामग्री के साथ सभी मतदान केन्द्रों पर पहुंच चुकी हैं। अब विधानसभा क्षेत्र सुसनेर के मतदाताओं की बारी है, विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मत का दान कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करें। मतदान केन्द्रों पर गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर छाया, ठंडे पानी, दवाइयां सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही दोपहर के समय मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए ठण्डी छाछ की व्यवस्था भी नगरीय मतदान केन्द्रों पर की गई।

## 1352 मतदानकर्मी की ड्यूटी लगाई

सुसनेर विधानसभा के 307 मतदान केन्द्रों पर वोटिंग होगी, इसके लिए रिजर्व सहित 338 पोलिंग पार्टियों में 1352 मतदानकर्मी की ड्यूटी लगाई है। मतदानकर्मी में जिले के अतिरिक्त उज्जैन एवं रतलाम जिले के शासकीय सेवक शामिल हैं। विधानसभा सुसनेर में कुल 237260 मतदाता हैं, जिसमें पुरूष मतदाता 1 लाख 22 हजार 88, महिला मतदाता 1 लाख 15 हजार 167 तथा 5 अन्य मतदाता शामिल हैं। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में 20 मतदान केन्द्र केवल महिला मतदानकर्मी तथा एक मतदान केन्द्र पीडब्ल्यूडी मतदानकर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा। साथ ही 50 मतदान केन्द्र क्रिटीकल मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित है, जिन पर एक-एक माईक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। पोलिटेक्निक महाविद्यालय से सोमवार प्रातः मतदानकर्मी ईव्हीएम, वीवीपीएटी एवं अन्य मतदान सामग्री प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर चुनावी वाहनों से रवाना हुए। जिला प्रशासन द्वारा मतदानकर्मियो को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु 70 बसे एवं 55 अन्य छोटे वाहनां का अधिग्रहण किया गया था। जिसमें सवार होकर मतदानकर्मियों को मतदान केंद्र तक पहुंचाया गया। इसके पूर्व जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र सुसनेर के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मिलिंद ढोके व अन्य अधिकारियों द्वारा मतदान सामग्री वितरण केंद्र का निरीक्षण कर मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## राजनैतिक दलों की उपस्तिथि में स्ट्रांग रूम खोला गया

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजगढ़ में शामिल आगर मालवा जिले की विधानसभा क्रमांक - 165,सुसनेर में 07



मई को मतदान संपन्न करवाने के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र सुसनेर मिलिंद ढोके व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्तिथि में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में स्थित स्ट्रांग रूम खोला गया।

## वोटर पर्ची नहीं तो जाएं बीएलओ के पास

यदि किसी मतदाता को वोटर पर्ची नहीं मिली है, तो वह अपना वोटर आईडी कार्ड लेकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जाएं। वहाँ बने मतदाता सहायता केंद्र में वोटर आईडी दिखाएं। यहाँ बीएलओ आपकी मतदाता सूचना पर्ची दे देंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

## यह हैं 13 वैकल्पिक दस्तावेज

फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक के जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता अपना मतदान कर सकते हैं।






## सुसनेर विधानसभा के बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां, पुष्प-मालाओं से किया स्वागत



*विधानसभा सुसनेर के 307 मतदान केन्द्रों पर 07 मई को वोटिंग होगी। इसको लेकर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर-मालवा से मतदान सामग्री प्राप्त कर पोलिंग पार्टियां लोकसभा क्षेत्र राजगढ़, विधानसभा क्षेत्र सुसनेर के अधिकांश मतदान केन्द्रों पर पहुंची। संबंधित मतदान केन्द्रों पर पहुंचने पर मतदानकर्मियों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया। नगरीय क्षेत्र सुसनेर के मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंचने पर सीएमओ ओपी नागर द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत कर अग्रिम शुभकामनाएं दी गई। अन्य मतदान केन्द्रों पर भी पोलिंग पार्टियों का स्वागत किया गया।*



### मतदान दिवस पर श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

*लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सुसनेर संसदीय क्षेत्र राजगढ़ में 7 मई को मतदान सम्पन्न होंगे। मतदान क दिन विधानसभा क्षेत्र के सभी कारोबार, व्यावसाय, औद्योगिक उपक्रम या अन्य स्थापना में कार्यरत श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।*

### रविवार को क्रिसेंट वाटर पार्क में स्वीमिंग पूल पर हुआ था हादसा

# वाटर पार्क में डूबने से भोपाल के नौ वर्षीय की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित क्रिसेंट वाटर पार्क में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक 9 वर्षीय बालक स्वीमिंग पूल में खेलते-खेलते पानी में डूब गया।

बालक अपने परिवार के साथ वाटर पार्क आया था। मां ने मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिलने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गर्मी में आम दिनों में वाटर पार्क में बहुत भीड़ रहती है और वीकेंड पर यह भीड़ दो गुनी से ज्यादा हो जाती है। जानकारी अनुसार भोपाल के रहने वाले गौरव राजपूत का पेपर ट्रेडिंग का बिजनेस है। वे रविवार सुबह पत्नी अर्चना, 9 साल के बेटे आरुष, 2 साल के बेटे आरव और अपनी भाभी के साथ क्रीसेंट वाटर पार्क आये थे। आरुष वाटर पार्क में कम पानी वाले हिस्से में तैर रहा था। गौरव ऊपरी हिस्से में स्लाइडर पर थे। खेलते-खेलते आरुष पानी में डूब गया। आरुष की मां का आरोप है कि हादसे के बाद उन्हे मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिली। जैसे तैसे बालक को लेकर परिवार के लोग सीहोर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मृतक की आंखें परिवारजनों ने दान करने का निर्णय लेते हुए नेत्रदान किया। मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

## खुशी मनाने आए थे मिला बहुत बड़ा दुख

बालक के पिता गौरव राजपूत ने बताया कि आरुष भोपाल के साकेत नगर स्थित निजी स्कूल से तीसरी कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। संडे एंजॉय करने वाटर पार्क आए थे। बच्चा कम पानी वाले स्विमिंग पूल में एंजॉय कर रहा था। वहां अचानक बच्चा बेहोश हो गया। हमें पता भी नहीं था कि जहां हम इंजॉय करने आए थे लेकिन उनके भाग में बड़ा दुख जुड़ गया।



## नगर में 12798 मतदाताओं के लिए बनाए गए 15 मतदान केंद्र

**नलखेड़ा।** लोकसभा चुनाव के लिए नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां 12798 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। नगर में मतदान केंद्रों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगरीय क्षेत्र नलखेड़ा में 12798 मतदाता हैं जिनमें 6362 पुरुष एवं 6436 महिला मतदाता हैं। नगरीय क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाता अधिक हैं। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए नगर में 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन मतदान केंद्रों में 5 पिंक मतदान केंद्र, 1 आदर्श मतदान केंद्र, 1 पीडब्लूडी मतदान केंद्र एवं 4 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। रविवार को सभी मतदान केंद्रों पर तैयारियां अंतिम चरण में थीं। सभी मतदान केंद्रों के बाहर शामियाने लगाकर छाया की जा रही थी।

### मतदान केंद्रों की तैयारियों का किया निरीक्षण

राजगढ़ लोकसभा अंतर्गत सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में आज मतदान होगा। जिसके लिए नगर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर तैयारियों का निरीक्षण सेक्टर प्रभारी द्वारा किया गया। रविवार को सेक्टर प्रभारी प्रदीप जैन दोराहा द्वारा नगर के समस्त मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### आबकारी विभाग ने प्रकरण किया दर्ज



**देवास।** जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्दे कलेक्टर ऋषव गुप्ता निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग के दल ने वृत्त सोनकच्छ में कार में अवैध मदिरा का भंडारण, विक्रय और परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) के तहत एक प्रकरण पंजीबद्ध किया। कार्यवाही में 150 पाव देसी मदिरा प्लेन, 24 केन विदेशी मदिरा बीयर जब्त की गई। जप्त मदिरा एवं वाहन का मूल्य लगभग 05 लाख 13 हजार 620 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक निधि शर्मा, आबकारी आरक्षक विकास गौतम, दीपक तटवाड़े शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### सेक्टर अधिकारी और माईक्रो आब्जर्वर की समीक्षा बैठक की

**देवास।** लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 07 मई को मतदान होगा। सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने खातेगांव विधानसभा के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारी और माईक्रो आब्जर्वर की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रजापित ने सेक्टर अधिकारी और माईक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन प्रक्रिया और उनके दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में खातेगांव एसडीएम प्रिया चन्द्रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत प्रजापित ने कहा कि सेक्टर अधिकारी और माईक्रो आब्जर्वर निर्वाचन आयोग के निर्देशो का पालन करते हुए मतदान कार्य सम्पन्न कराये। निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों और माईक्रो आब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कोई परेशानी आती है तो उसका तत्काल निराकरण भी सेक्टर अधिकारी को करना है।

## खातेगांव विधानसभा में लोकसभा निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण, मतदान दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना

# खातेगांव विधानसभा में विदिशा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान







कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम में तृतीय चरण में लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 07 मई को मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए खातेगांव विधानसभा में मतदान दलों को शासकीय महाविद्यालय खातेगांव से मतदान सामग्री वितरित कर मतदान केन्द्रों के लिए बस से रवाना किया। सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित द्वारा पूरे समय उपस्थित रह कर मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने मतदान दलों से संवाद कर उन्हें सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए शुभकामनाएं दीं। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये एक-एक टेबल लगाई गई, ताकि मतदान कर्मी आराम से बैठकर मतदान सामग्री प्राप्त कर सकें और इत्मीनान से उसका मिलान कर सकें। मतदान कर्मियों की सहायता के लिये हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई थी। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहा। लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा के लिए खातेगांव विधानसभा में मंगलवार 07 मई को प्रातः 07 बजे से सायं 06 बजे तक मतदान होगा। मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन में मतदान केन्द्रों पर नजर रखने, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित मतदान के लिए उड़नदस्ते, एसएसटी एवं पुलिस नाकों की व्यवस्था की गई हैं। आने-जाने वाले वाहनों की विशेष निगरानी रखी जा रही हैं।




### खातेगांव विधानसभा के 02 लाख 36 हजार 715 मतदाता करेंगे मतदान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण में लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 07 मई को मतदान होगा। खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में 02 लाख 36 हजार 715 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 21 हजार 739 पुरूष, 01 लाख 14 हजार 975 महिला और 01 अन्य मतदाता शामिल है। खातेगांव विधानसभा में मतदान के 289 मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिसमें 217 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की जायेगी। खातेगांव विधानसभा में 18 पिंक मतदान केन्द्र और 07 आदर्श केन्द्र बनाये गये। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की है।

### कलेक्टर ने मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा के लिए देवास जिले की खातेगांव विधानसभा में 07 मई को मतदान होगा। प्रजातंत्र के उत्सव में खातेगांव विधानसभा के सभी मतदाता बढ़-चढ़कर भाग ले और अपने मत का प्रयोग अवश्य करें, 07 मई को खातेगांव विधानसभा का हर मतदाता अपने घर से निकले और जागरूक मतदाता की तरह नैतिक मतदान करें। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना जरूरी है। मतदाता मतदान कर अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, शत प्रतिशत मतदान हो सकें। मतदाताओं से अपील है कि वे निष्पक्ष होकर स्वयं के विवेक से मतदान करें। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। गुप्ता ने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। मतदान के लिए आदर्श और पिंक मतदान केन्द्र बनाये गये है।

### दिव्यांगता मतदान कराने में बाधा नहीं - विमल गोस्वामी



लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में विदिशा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत देवास जिले की विधानसभा खातेगांव के मौला में स्थित मतदान केन्द्र में दिव्यांग मतदानकर्मी विमल गोस्वामी की मतदान कराने में ड्यूटी लगाई गई है। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बाद भी गोस्वामी बड़े उत्साह के साथ मतदान कराने के लिये मतदान दल के साथ सोमवार को रवाना हुए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता मतदान कराने में बाधा नहीं है। गोस्वामी ने कहा कि वे देखना चाहते हैं कि मतदान प्रक्रिया कैसी होती है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर दिव्यांग मतदान कर्मी अपनी दिव्यांगता का हवाला देकर अपनी मतदान ड्यूटी कैंसिल कराने का प्रयास करते हैं, परंतु वे मतदान दल के साथ अपने कर्तव्य पर जाते हुए बेहद खुश हैं।

# गीत संगीत निशा के साथ मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लवकुश सुर संगम संस्था द्वारा आयोजित गीत संगीत निशा के अवसर पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु देश हित में राष्ट्रहित में मतदान करने का संकल्प लेते हुए सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया। साथ ही केक काटकर ग्रुप के कलाकार प्रीति चौधरी और अंकित सोनगरा का जन्मदिन मनाते हुए सभी ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। पीथमपुर से पधारी अचीवर अकैडमी स्कूल पीथमपुर की संचालिका अर्चना जोशी द्वारा बधाई जन्मदिन की तुमको हमारी 100 वर्ष की हो आयु तुम्हारी बहुत सुंदर गीत प्रस्तुति दी गई। जिसमे ग्रुप के सभी कलाकारों ने साथ दिया। इसी प्रकार संचालक अनिल नाईक एवं विजया नाईक द्वारा झूमो नाचो खुशी मनाओ लाख दुआएं पाओ, विवेक धवले द्वारा हम भी अगर बच्चे होते नाम हमारा होता बब्लू डब्लू अन्य कलाकार संतोष शर्मा, जयंत रेडेकर, रानी सोलंकी अमोल मोरे इंदौर, दीप्ति निगम साधना श्रीवास्तव, रानी तंवर, गणेश तंवर आशा दुबे अभिषेक शर्मा नीतू श्रीवास्तव राजेंद्र वडनेरे रानी तंवर, हरिराम राजपूत राजेंद्र पाल सिंह अजय दायमा डी के यादव माधुरी दायमा नीरज सैंगर जीवनलाल, ऋषिकेश उपाध्याय मानसी,विप्लव उपाध्याय, नन्ही सी बिटिया कृषा शर्मा 5 वर्ष ने शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित वरिष्ठ कलाकारों एवं श्रोताओं का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। सिंगर रानी सोलंकी ने विशिष्ट शैली, मे सिंगरों को प्रस्तुति हेतु मंच पर बुलाकर, प्रोग्राम को रोचक बना दिया। वरिष्ठ नागरिक संस्था देवास के संचालक एवं मध्य प्रदेश कृषि वर्ग कर्मचारी पेंशन संगठन के अध्यक्ष गंगा सिंह सोलंकी ने सभी कलाकारों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी।

# प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु श्रद्धा से कर रहे हैं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मंडप की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



साकेतवासी महामंडलेश्वर गरुड़ दासजी महाराज के शिष्य कृष्ण गोपालदास महाराज पंचमुखी धाम आगरोद, दामोदरानंद महाराज, मनमोहनदास भिंड, भरतदास महाराज बालाजी धाम रुणिजा के सानिध्य में मालीपुरा स्थित ज्योतिबा फुले चौराहे के पास 11 कुंडीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। काशी के विद्वान आचार्य पं. पुष्कर पांडे, सहयोगी आचार्य द्वारा यज्ञ संपादित हो रहा है। वासुदेव परमार व राहुल हरोड़े ने बताया कि इस दिव्य महायज्ञ में यजमान प्रितम गोयल, देवेंद्र पड़ियार, हेमंत बोडाना, वीरेंद्र चौहान, कार्तिक बारोड़, मंयक सोनी, धीरज सोलंकी, नीतेश नवगोत्री, सुमेर प्रजापति, शक्ति डाबी, आशीष सोलंकी, रामचंद्र पड़ियार, राधेश्याम पड़ियार, राहुल माली, तेजनारायण पड़ियार, खुशाल हरोड़े, यश जाधव सहित 29 जोड़े सपत्नीक इस महायज्ञ में प्रतिदिन आहुतियां प्रदान कर रहे हैं।मालीपुरा में बह रही धर्म की ज्ञान गंगा में डुबकी लगाकर प्रतिदिन हजारों लोग इस महायज्ञ मंडप की परिक्रमा कर धर्म लाभ ले रहे हैं। महायज्ञ के बाद श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की संत महात्माओं-यजमानों द्वारा महाआरती की गई। महाआरती के बाद शाम 7:30 बजे से महू के शर्मा बंधुओं द्वारा नानीबाई के मायरे की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। नानीबाई मायरे में अपने विचार प्रकट करते हुए पं. सत्यदेव शर्मा ने कहा कि ईश्वर का स्मरण, कीर्तन जिस मुख से जागते, उठते, बैठते, अपने दैनिक कर्म के बाद भी समय निकालकर निकाले वही भगवान का सच्चा भक्त होता है। ऐसे भक्त पर भगवान अवश्य कृपा करते हैं। वही जीव इस सांसारिक जीवन में, जगत में सुखी रह सकता है, जो जन्म से संस्कारी है और यह जबान अगर भगवान का भजन करे तो इसका नाम रचना और ईश्वर भक्ति नहीं करे तो यह चमड़े का टुकड़ा है। किसी काम का नहीं। नानीबाई का मायरे का संचालन वासुदेव परमार ने किया। आभार राहुल हरोड़े ने माना। कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने महाप्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया।

## जिले में 11 मई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

# प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 11 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र तथा विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी नेशनल लोक अदालत दिनेश प्रसाद मिश्र के द्वारा जिला न्यायालय भवन देवास से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी नेशनल लोक अदालत दिनेश प्रसाद मिश्र ने बताया कि प्रचार वाहन देवास जिले की नगरीय सीमा, बाजारों में जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार करेगा। नगर निगम के कचरा वाहन द्वारा गली गली जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार किया जायेगा। जिससे की 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आमजन अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर लाभांवित हो सकेंगे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अभिलाषा एन. मवार द्वारा 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में क्लेम, आपराधिक, सिविल, पारिवारिक, चैक बाउंस, विद्युत, आदि से संबंधित राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए आमजन से अपील की गई। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण कम समय में निराकृत होते हैं जिसका लाभ दोनों पक्षकार को मिलता है। इस दौरान सीजेएम रविकांत सोलंकी सहित अन्य व्यवहार न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल, विद्युत विभाग, नगर निगम के अधिकारीगण एवं विधिक सेवा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# परिंदों के लिए जगह-जगह बांधे सकोरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गर्मी के मौसम में पानी के परंपरागत स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में परिंदे दाना-पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। इन परिंदों के लिए नगर जनहित सुरक्षा समिति सक्रियता से प्रयास कर रही है। परिंदों की प्यास बुझाने के लिए समिति ने माता टेकरी पर जगह-जगह सकोरे बांधे एवं उनमें पानी भरा।सोमवार सुबह समिति के सदस्य टेकरी पर सकोरे लेकर पहुंचे और जगह-जगह उन्हें रस्सी के सहारे बांधा। टेकरी पर बड़ी संख्या में परिंदो की चह-चहाहट सुनाई देती है। यहां हरियाली अधिक होने से कई प्रजातियों के परिंदों का बसेरा है।समिति के अनिलसिंह बैस ने कहा, कि गर्मी के दिनों में परिंदों के लिए दाना-पानी उपलब्ध नहीं होता। हमारी समिति हर साल गर्मी के दिनों में इस प्रकार के सेवा कार्य करती है। इस प्रकार का सेवा कार्य आगे भी चलते रहेगा।समिति के विनोदसिंह गौड़, सुनीलसिंह ठाकुर, सुभाष वर्मा, सुरेश रायकवार, सत्यनारायण यादव, उमेश राय, अनूप दुबे आदि ने शहरवासियों से अपील की है, कि वे अपने-अपने घरों की छत पर परिंदों के लिए दाना-पानी के इंतजाम अवश्य करें। बेजुबानों की सेवा करने से मन को सुकून के साथ ही पुण्य भी प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप


### प्रकृति का साहचर्य शुभ संकल्प प्रदान करता है: स्वामी संगम गिरी

**आष्टा।** कश्मीर भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग हैपवित्र मन से प्रकृति के साहचर्य में रहिये आपका पर्यटन तीर्थाटन का रूप ले लेगा। कल्हण की भूमि कश्मीर भारत का मुकुट है पर्वतों पर देवताओं का वास होता है। देव भूमि कश्मीर शंकराचार्य जी की तप और कर्म भूमि रही है यहां से निकली चेतना ने भारत की समृद्ध विरासत को अनेक रूपों में आगे बढ़ाया है। प्रकृति ईश्वर का ही अंश है कश्मीर का नैसर्गिक सौंदर्य स्वर्गिक सुख प्रदान करता है यह हमारे कालुष्य को हरने में सक्षम है यह आशीर्वचन जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज के स्नेहिल आचार्य स्वामी संगम गिरी जी महाराज ने दिए। श्री नगर काश्मीर में विराजित संत संगम गिरी जी महाराज के दर्शनार्थ नगर के युवा दम्पति सपरिवार पहुंचे थे। कहा कि प्रकृति सदैव नवाचार के लिए प्रेरित करती है नवीन विचार और शुभ संकल्प भी आपको यहां प्राप्त होंगे जो पुरुषार्थ करके जीवन मे सफल होने के लिए आवश्यक हैं। जैन श्री संघ के पदाधिकारी कर सलाहकार अभिषेक सुराणा, प्रभु प्रेमी संघ के सक्रिय कार्यकर्ता वीरेंद्र परमार , केमिस्ट एशोसिएशन के सदस्य राहुल सुराणा पुलक चेतना मंच के मोहित कासलीवाल बोहरा समाज के बुरहान सैफी ने सपरिवार स्वामी जी के दर्शन किए।

## कुरकुरे-चिप्स के गोदाम में लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

# गोदाम में लगी भीषण आग, रहवासियों और दमकल की मदद से पाया काबू

सेमनरी रोड़ स्थित बालाजी मार्केटिंग कंपनी के गोदाम में दुपहर एक बजे के लगभग आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही कंपनी के मालिक ने आग लगने की लिखित में शिकायत दर्ज कराई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिवस सेमनरी रोड़ स्थित कुरकुरे चिप्स के गोदाम में दिन दहाड़े ही आग लग गई। इसके चलते गोदाम में रखा लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हों गया। जिसके कारण दुकान मालिक को बडा नुकसान हो गया। जानकारी अनुसार सेमनरी रोड़ स्थित बालाजी मार्केटिंग कंपनी के गोदाम में दुपहर एक बजे के लगभग आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे गोदाम से बाहर दूर-दूर तक दिखाई देने लगी। इस दौरान आग लगने की सुचना आसपास के पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को दी जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया।

तब तक दुकान में रखा बालाजी मार्केटिंग कंपनी का समान आग लगने से जलकर खाक हों गया तो जो आग से बच गया वो आग बुझाने आई फायर ब्रिगेड के पानी से खराब हो गया। वही गोदाम में आग लगने की खबर मिलते ही बालाजी मार्केटिंग कंपनी के मालिक शिवम टेलर महेश्वरी निवासी बुधवारा ने आष्टा थाने में गोदाम में आग लगने की लिखित में शिकायत दर्ज कराई। थाने में गोदाम मालिक शिवम ने लिखित शिकायत में बताया की में बुधवारा आष्टा में रहता हूं बालाजी कंपनी की मार्केटिंग का काम करता हूँ। मेरे गोडाउन सेमनरी रोड आष्टा पर है।दिनांक 30 अप्रैल की दोपहर करीबन 12.00 बजे में मेरे गोडाउन को बंद करके पैसे लेने के लिये ढाकनी मुगली गया हुआ था। मेरे कर्मचारी आष्टा बाजार मे मार्केटिंग का काम करने के लिए चला गया था। दोपहर करीबन 1.00 बजे मेरे दोस्त सोनू विश्वकर्मा ने मुझे फोन कर बताया कि गोडाउन में आग लग गयी है। फिर में ढाकनी, मुगली से आया और साथ में मेरे यहा काम करने वाले मेरे कर्मचारी भी गोडाउन पर आ गए। जहां पर मेरे पडोस में रहने वाले शिवराज, नितिन जैन, अक्षित झंवर, लारेन जैन भी आ गये। हम सभी ने आग बुझाने की कौशिश की लेकिन आग नहीं बुझ रही थी। तभी पारस पुरी ने फायर ब्रिगेड को फोन लगा दिया। जिसके आने पर आग बुझ गयी।

आग शार्ट सर्किट (बिजली फाल्ट होने) के कारण लगी है। आग लगने से मेरे गोडाऊन में रखे मसाला मुरमुरा, भेल मिक्स, गाठिया, पपड़ी, पंजाबी तडका, तिखा मिठा मिचर, एवं खट्टा निहा नमकीन इत्यादी जल गये। जिससे मेरा काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान पटवारी ने मौके पर आकर नुक्सानी पंचनामा तैयार किया है ।

# चुनाव का बहिष्कार करने के बाद प्रशासन ने नहीं की पानी की व्यवस्था

## बूंद-बूंद पानी के लिए हो रही जद्दोजहद



**जावर।** प्रशासन ने पानी की टंकी तो रख दी लेकिन पानी की नहीं की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर के वार्ड 8 और 9 में इन दिनों पेयजल आपूर्ति नहीं होने से आमजन काफी परेशान और प्रभावित हो रहे है। इस विकट समस्या को लेकर वॉर्ड वासियों ने कुछ दिन पूर्व चुनाव का बहिष्कार की चेतवानी दी थी। जिसके बाद प्रशासन और सीएमओ द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए चुनाव बहिष्कार न करने को लेकर समझाइश देते हुए जल आपूर्ति की समस्या के निराकरण के लिए वॉर्ड में पानी की 3 रख कर अगले दिन से ही पानी की सप्लाई का आश्वाशन दिया था। जिससे वॉर्डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लेकिन उनकी यह खुशी ज्यादा लंबे समय तक नही रह पाई।

क्योंकि नगर परिषद ने पानी की टंकी तो रखवा दी परंतु अभी तक 2 टंकी में पानी की एक बूंद सप्लाई नही की गईं है। जिससे वॉर्डवासियों में एक बार पुनः आक्रोश व्याप्त हो गया है। वही वार्डवासियों का आरोप है कि पहले नलकूप में पानी सुचारू रूप से आता था। लेकिन पिछले तीन सालों से वॉर्ड के आधे से ज्यादा घरों के नलकूप में पेयजल की एक बूंद नही आ रही है। ना ही नगर परिषद द्वारा पेयजल पूर्ति के लिए कोई वैकल्पिक उपाय किए गए। जिससे जल आपूर्ति हो पाए। अगर वॉर्ड के कुछ नलकूप में पानी आ भी रहा है तो बिल्कुल लो प्रेशर रहता है। वार्ड के अधिकांश परिवार पिछले दो माह से ज्यादा ही पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। सायकल से पानी भर कर ला रहे हैं। वॉर्ड में पानी की बूंद-बूंद के लिए जद्दोजहद हो रही है। पेयजल की सुचारू आपूर्ति न होने से स्थानीय लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### निजी बोरिंग से पानी खरीद कर चला रहे काम

हाल यह हैं कि स्थानीय लोग पानी इधर उधर से या टैंकर खरीद कर काम चला रहे हैं। वहीं, कुछ लोग रोजाना वाहनों में बाल्टी और बोतल से दूर से पानी भर कर लाते हैं। पानी न होने से घरों में रखे गमलों के फूल सूखने लगे हैं। पानी की आपूर्ति न होने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर परिषद में शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं कर रहा है। और इन पानी की टंकी को भी भगवान भरोसे छोड़ दिया है। इससे यहां के निवासी काफी परेशान हैं।

## संत शिरोमणि सेन महाराज का जावर में निकला जुलूस, लगाए जयकारे



**जावर।** जावर में पहली बार धूमधाम से निकाला सेन जयंती के उपलक्ष्य में सन्त शिरोमणि सेन जी महाराज का भव्य जुलूस सेन समाज के युवा एवं माता बहने जमकर नाचे ढोल नगाड़ों पर सीहोर जिले की नगर परिषद जावर में सेन समाज द्वारा सेन जयन्ती के उपलक्ष्य में सन्त शिरोमणि सेन जी महाराज का भव्य जुलूस श्रीराम मंदिर प्रांगण जावर से शुरू किया गया जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया इस दौरान नगर के धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं माता मंदिर के पास सेन समाज के वरिस्टजनो द्वारा सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई एवं जुलूस में सेन समाज के वरिस्टजन एव युवा साथी और माताए बहने ढोल नगाड़ों पर थिरकते नाचते हुए श्रीराम मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां पर सभी सेन समाज के लोगो द्वारा सेन जी महाराज की आरती की आरती उपरांत महाप्रसादी ग्रहण की गई इस दौरान जावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भी सेन समाज युवा साथी बड़ी संख्या में हुए शामिल।

## 13 मई को होगा मतदान, ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलाओ घर-घर जाकर मतदाताओं को बांट रहे मतदाता पर्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



लोकसभा निर्वाचन 2024 आम चुनाव मतदान 13 मई दिन सोमवार को होगा। जिसकी मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ द्वारा ग्राम खाचरोद, खामखेड़ा, रामपुर, रोल गांव, छापर, आवली खेड़ा, नौगांव, बापचा, कन्नौज शिवजी आदि गांव में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। बीएलओ बाबूलाल पेरवाल, देवेंद्र मुद्रडा, बद्री प्रसाद वर्मा, सोबाल सिंह जायसवाल, बहादुर सिंह ठाकुर, पूरन सिंह बालोदिया द्वारा घर-घर जाकर पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

# नपा ने निकाली जनजागरूकता रैली, मतदान नागरिक का अधिकार व कर्त्तव्य है: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के नेतृत्व में नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा संपूर्ण नगर में पदयात्रा कर मतदाता जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आयोजन नगरपालिका कार्यालय के सामने शपथ लेकर प्रारंभ हुआ। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न नारों से लेस तख्तियां कर्मचारीगण अपने हाथों में लिए चल रहे थे।

वहीं स्काय लिफ्ट वाहन व जेसीबी मशीन पर मतदाता जागरूकता प्रचारक सामग्री चस्पा थी। आगे-आगे ढोल की थाप पर बड़ी संख्या में कर्मचारीगण मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ जनजागरूकता के नारे लगा रहे थे। जनजागरूकता अभियान रैली कार्यालय से प्रारंभ होकर पुराना बसस्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार, गंज चौराहा, गल चौराहा, बुधवारा, खत्री मार्केट, परदेशीपुरा, सिविल अस्पताल से होती हुई नपा के सामने स्थित कम्युनिटी हाल पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है।

मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। सीएमओ श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि मतदान दिवस 13 मई 2024 को अवकाश दिवस न माने, वोट डालने अवश्य जाएं। जनजागरूकता अभियान रैली में बड़ी संख्या में नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

### स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चलाया जागरूकता अभियान

**सीहोर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड सीहोर द्वारा स्वीप गतिविधि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकासखंड सीहोर में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 सीएलएफ दुर्गावती आजीविका संकुल स्तरीय संघ सीहोर, महाराणा प्रताप आजीविका संकुल स्तरीय संघ बरखेड़ी, एकता आजीविका संकुल स्तरीय संघ बिलकिसगंज, भगत सिंह आजीविका संकुल स्तरीय संघ नापलाखेड़ी सावित्रीबाई फुले आजीविका संकुल स्तरीय संघ अहमदपुर, रानी लक्ष्मीबाई आजीविका संकुल स्तरीय संघ श्यामपुर, शिव शक्ति आजीविका संकुल स्तरीय संघ चरनाल चंद्रशेखर आजाद आजविका संकुल स्तरीय संघ थुनाकला, वीर शिवाजी आजीवीका संकुल स्तरीय संघ दौराहा के ग्रामों में आम बैठक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलाई।

# हरफनमौला चेतन मेवाड़ा के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत डीसीए ने यंग स्टार को चार विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई पर खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे रोमांचक मैच में डीसीए की टीम ने यंग स्टार को मैच के अंतिम ओवर में चार विकेट से हराकर 3-1 से बढ़त हासिल की है। इस मैच में शहर के हरफनमौला खिलाड़ी चेतन मेवाड़ा ने मात्र 28 गेंद पर 41 रन और चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे। मैच के अंत में सीनियर खिलाडिय़ों ने आज के मैच के हीरो चेतन को मैन आफ द मैच प्रदान किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 166 रन बनाए थे।

इसमे नीरज मेहरा ने 20 गेंद पर 17 रन, रशीद ने 17 गेंद पर 29 रन, संजय पेशवानी ने 24 गेंद पर 21 रन, नदीम ने पांच गेंद पर 15 रन, नासिर ने चार चौके और चार छक्कों की मदद से 26 गेंद पर 31 रन बनाए थे। वहीं डीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए चेतन मेवाड़ा ने चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट, वीरु वर्मा ने चार ओवर में 16 रन देकर दो विकेट, अभिषेक परसाई, मदन कुशवाहा, हेमंत केसरिया ने एक-एक विकेट हासिल किया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ने 19.4 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य का हासिल किया। इसमें वीरु वर्मा ने 19 रन, हितेश ने 26 गेंद पर 33 रन, सुनील जलोदिया ने 18 गेंद पर 24 रन, चेतन मेवाड़ा ने 28 गेंद पर 41 रन के अलावा अभिषेक परसाइ ने 11 गेंद पर 11 रन बनाए थे। इधर यंग स्टार की ओर से आदित्य नाविक ने चार ओवर में 27 रन देकर दो विकेट, ताहिर ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट और नादिम ने तीन ओवर में 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था।

## एसबीएस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# विद्यार्थियों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एस.बी.एस. कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा द्वारा कक्षा 10वीं 12वीं में प्रथम श्रेणी श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। कक्षा दसवीं की छात्रा रौनक सेन ने 92% एवं कक्षा 12वीं की छात्रा रितु पाटीदार ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय में किया प्रथम स्थान प्राप्त। विद्यालय परिवार द्वारा आज कक्षा दसवीं बारहवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का पुष्प वाला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की दसवीं कक्षा प्रथम श्रेणी में प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं रौनक सेन ने 92% अभिषेक वर्मा ने 91% ,गिरजा ठाकुर 90%, रौनक वर्मा 89% भावना पाटीदार 89%, रुचि वर्मा 86%, आयुष परमार 85%, विधि चन्द्रवंशी 84%, वेदिका ठाकुर 84%, कल्पना सोनगर 81%, शुभम ठाकुर 79% लक्की ठाकुर 77% अभिषेक मेवाड़ा 77% कुमकुम मेवाड़ा 76% अनुष्का ठाकुर 75% कुमकुम ठाकुर 74% यशिका ठाकुर 73% अंशदीप ठाकुर 71% शिवम वर्मा 71% पलक मेवाड़ा 71% निखिल ठाकुर 71% आयुष ठाकुर 71% ज्योति वर्मा 70% अमन कुशवाहा 70% वन्दना मेवाड़ा 69% राजविनायक ठाकुर 69% रघुवीर ठाकुर 68% जयदीप ठाकुर 68% रविन्द्र मेवाड़ा 68%सपना कुशवाहा 68% आयुष मेवाड़ा 67% यशिका ठाकुर 67% मुस्कान विश्वकर्मा 66% अस्मिता ठाकुर 66% शुभम किरार 65% सुजल ठाकुर 65% सुमित पाटीदार 65% सुमित ठाकुर 64% परी ठाकुर 64% , विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 92% रहा ,बारहवीं की कक्षा में रितु पाटीदार ने 87% सपना ठाकुर 86% शिवानी परमार 86% कशिश ठाकुर 83% अनमोल ठाकुर 83%,सृष्टि ठाकुर 81% अर्पिता ठाकुर 81% मुस्कान करमोडिया 79% प्रियांशी मालवीय 79% यशराज बड़ोदिया 78%,कुमकुम वर्मा 77% आदित्य ठाकुर 76% आर्यन ठाकुर 75% पूजा सुलिया 75% साक्षी सोजतिया 74% अंशिकावर्मा 73%दीपक ठाकुर 72% राखी पोरवाल 72% आदित्य ठाकुर 71% प्रियंका किरार 70% हर्षिता ठाकुर 70% तनु पाटीदार 69% आदर्श ठाकुर 68%, दीपक ठाकुर 68% टीना गुणवान 65% दीपक जाट 64% दुर्गेश चन्द्रवंशी 62% , सुजल पाल 62% श्रद्धा करमोदिया 62% ऋषिराज ठाकुर 61% भविष्य विश्वकर्मा 60% कृष्णपाल ठाकुर 60% अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की विद्यालय संचालक भोलू सिंह ठाकुर,सह संचालक जीवन सिंह ठाकुर ,प्राचार्य रीना ठाकुर ने विद्यालय का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 89% आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शिक्षक महेंद्र ठाकुर ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जितेंद्र खत्री, प्रसन्न श्रीवास्तव, धांरवा सर, शेख जावेद,राजेश बड़ोदिया,इंदर धनगर, राम विश्वकर्मा,अनिल सर,शिक्षिका पूजा सिलेरिया,अर्चना ठाकुर, तेजु मेवाड़ा, नेहा पांचाल, दिव्यांशी भूतिया, अक्षिता सेन, सरिता गौतम, पूर्वा गौतम, ज्योति जैन, रानी ठाकुर इत्यादि द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई।

# युवा संगठन ने किया बेसहारा महिला का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय बजरंग कालोनी में एक महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूत्रों से पता चला कि उक्त महिला यशोदा धुधनिया के शव का किसी कारणवश महिला के मायके और ससुराल वालो ने लेने से इनकार कर दिया। उक्त महिला की नो वर्ष की एक बेटी रिमझिम हे। ऐसे में अब इस महिला का अंतिम संस्कार कौन करेगा। तब आष्टा युवा संगठन जो कि एक समाजसेवी संगठन है। प्रकाती आपदा या अन्य किसी परिस्तिथि में यदि समाज मे सेवा की आवश्यकता हो तो कार्य करता है। उसने महिला का स्थानीय पुलिस प्रसासन व नगर पालिका कर्मचारी की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया। मृतका की बेटी रिमझिम ने उस की माता को मुखाग्नि दी। स्थानीय मुक्ति धाम पर आष्टा युवा संगठन प्रमुख आनंद गोस्वामी, अमर सांगते, गोलू घेंघट, खुशिलाल, रवि कुशवाह, मनोज गेलहोत्रे ने हिंदु रितिरिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया।

## ग्राम जूनापानी में एलइडी टीवी के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुने प्रवचन

# मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है: संत रामपाल महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चाचौड़ा

रविवार को जिले की चाचौड़ा तहसील के ग्राम जूनापानी में एकदिवसीय सत्संग का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एलइडी टीवी के माध्यम से महाराज जी के आध्यात्मिक तत्वज्ञान को सुना। धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति उनकी अद्भुत शिक्षाओं के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज जी ने जन- जन को आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया। सत्संग में संत रामपाल जी महाराज ने भगवान की प्राप्ति के मार्ग का विवरण दिया और आध्यात्मिक ज्ञान को साझा किया और बताया कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना ही है। सत्संग को सुनने आए लोगों में आत्मात्मिक सुधार की इच्छा और आध्यात्मिक उत्थान की भावना देखी गई। आज के इस आधुनिक युग में मानव का जीवन माया के चक्कर में इतना लिप्त हो गया है कि सही और गलत की दिशा भूल चुका है और इस दिशा को सही कैसे करें यह सत्संगों के माध्यम से बताया जाता है कि मानव जीवन अनमोल है। संत रामपाल महाराज ने सत्संग के द्वारा मानव समाज में फैली बुराइयों जैसे नशाखोरी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या एवं रिश्वतखोरी आदि को दूर कर एक स्वच्छ समाज का निर्माण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को मिटाने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए सत्संग रूपी अमृतमय वाणी के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया। सत्संग में उपस्थित सेवादार करण दास, मुकेश दास, गणपत दास, लखन दास, जगदीश दास सेवादार मौजूद रहे।

## विशाल कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त सोमवार से शुरू होगी श्रीराम कथा



**नईसराय।** तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार धाम मंदिर पर सोमवार से शुरू होने वाली श्री राम कथा की रविवार सुबह 9 बजे से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो अस्तल मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए यात्रा में महिलाएं एवं लड़कियां अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी इसके साथ ही मंगलगीत गाए जा रही थी पुरुष एवं बच्चे डीजे की धुन पर नाचते हुए चल रहे थे कथावाचक व्यास मनोज शास्त्री भी बग्गी पर सवार थे उनका नगर के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा हाट बाजार,मेंन मार्केट,बस स्टैंड, पावर हाउस, जैन मंदिर गली होते हुए झिरिया सरकार मंदिर पर पहुंची जहां पर कलशो ब रामायण की पूजा अर्चना की गई श्री राम कथा का समय दोपहर 2 से 5 तक रखा गया है समिति द्वारा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में श्री राम कथा का वचन सुनने का आग्रह किया है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, जेल भेजा गया

**नईसराय।** पुलिस ने शनिवार को बाइक सहित एक चोर को गिरफ्तार किया है बताया जाता है कि चोर ने उक्त बाइक दो दिन पहले चुराई थी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों नईसराय सहित अशोकनगर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की कुछ घटनाएं सामने आई थी नई सराय पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में अपना सूचना तंत्र मजबूत किया इसी दौरान सामने आया कि डुंगासरा निवासी बंटी पुत्र मीनू कुशवाहा के पास एक बाइक देखी गई है पुलिस ने बंटी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बाइक दो दिन पहले नई सराय थाना क्षेत्र से ही चुराई है थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है !

## महिला ने गले में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत शक्कोबाई पत्नी सुजान आदिवासी 45 साल निवासी माधव नगर चंदेरी ने घोसियो की तलैया की पहाडी के उपर दरगाह के पास स्वंय ने साडी से गले मे फंदा लगा लिया जो इसी स्थिति मे पाई गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## अशोकनगर कोतवाली में जीतू पटवारी के विरुद्ध इमरती देवी पर अभद्र टिप्पणी करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत शीला जाटव पुत्री रामलाल जाटव उम्र 38 साल निवासी डीसी गैस कालोनी गुना रोड अशोकनगर ने इमरती देवी पर की गई टिप्पणी के विरोध मे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ कोतवाली मे एफआईआर दर्ज कराई है। शीला जाटव द्वारा एक लिखित आवेदन सिटी कोतवाली पुलिस को सौंपा गया था। यह एफआईआर तब दर्ज हुई है। जब जीतू पटवारी रविवार को अशोकनगर के दौरे पर रहे। दिए गए आवेदन पर से पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ इमरती देवी के उपर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर एवं जातिगत अपमान किए जाने के बाद एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**ब्यावरा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज फोटो सहित, पासपोर्ट, पासबुक फोटो सहित बैंक डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र केन्द्र राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है। मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी मार्गदर्शन के लिए उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटोयुक्त ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान अधिकारी को दिखाना होगा।

## सेन समाज ने मनाई सेन महाराज की 724 वीं जयंती

**सारंगपुर।** सेन समाज द्वारा स्थानीय श्री सत्यनारायण मंदिर में रविवार को सत्य और अहिंसा के पुजारी सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन महाराज की 724वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। वहीं भगवान का पूजन आरती कर प्रसाद वितरण के साथ समाजजन की खुशहाली के लिए भी भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर दिनेश चौहान, राधेश्याम चौहान, अखिलेश चौहान, संतोष चौहान, सुनील चौहान, यशवंत चौहान, नाना चौहान, अरविंद चौहान, शांतनु चौहान सहित कई महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत सिविल अस्पताल सारंगपुर में समाजसेवी जुगल चौहान के नेतृत्व में समाज जनों द्वारा मरीजों को फल फ्रूट वितरण किया।

## धनगर समाज ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

# प्रशासनिक अमले की समझाइश के बाद माने ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



वर्तमान में हर एक समाज अपने लोगों के उत्थान और जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार नजर आ रहा है। इनमें से वर्षों से उपेक्षा का शिकार धनगर समाज ने भी लोसचुनाव के अवसर पर अपनी आवाज बुंलद कर सत्ताधारियों एवं विपक्षी नेताओं के पास अपनी मांगों को पहुंचाने का बिड़ा उठाया है। सारंगपुर, राजगढ़ सहित प्रदेशभर में धनगर जाति एवं उसकी उपजातियों की राजनीतिक दलों के द्वारा हो रही उपेक्षा को लेकर समाज ने विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के बैनर तले जनप्रतिनिधियों एवं दोनो ही पार्टियों के जिलाध्यक्षों को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन देने का अभियान चलाया गया है, ताकि इन पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों के द्वारा समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए।

सारंगपुर में धनगर समाज के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि राजगढ़ सहित प्रदेश भर में जिला मुख्यालय पर संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकरियों के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपे हैं। हमारी मांग है कि प्रदेश में धनगर जाति अपनी उपजातियां पाल, बघेल, गायरी, गाडरी, गडरिया, भारूड, गाडरी, मझारी, श्रीपाल, हटकर, हाटकर कुरुमार, कुरुमा, दरिया घोसी, गवाला एवं महाराष्ट्रीयन धनगर के रूप में निवासरत हैं। धनगर ने कहा कि प्रदेश में समाज की लगभग 80 लाख आबादी है और 230 विधानसभा सीटों पर समाज के लगभग 50 लाख मतदाता हैं। विधानसभा में 150 सीटों व लोकसभा में 29 सीटों में से 19 सीटों पर समाज के वोट निर्णायक भूमिका में होते हैं। देश प्रदेश की राजनीति में वोटर के रूप में निर्णायक भूमिका में होने के बावजूद लोकसभा, विधानसभा, राज्यसभा में समाज को कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है।

समाज के प्रतिनिधि पूर्व में भी इस आशय की जानकारी को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद समाज व उसकी उपजातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। धनगर ने बताया कि समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से समाज कई कठिनाइयों से जूझ रहा है। अब ऐसा महसूस होने लगा है की प्रदेश की 80 लाख आबादी में से एक भी व्यक्ति नहीं, जिसे किसी तरह से नेतृत्व प्रदान किया जा सके। समाजजन की राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं देकर बहुसंख्यक समाज की लगातार अनदेखी की जा रही है। इसे लेकर धनगर समाज उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर रखा है अपना पक्ष सुनील धनगर सारंगपुर ने बताया कि धनगर समाज की लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में राजगढ सहित समाजजनों ने इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, भिण्ड, शिवपुरी, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, बैतुल, शाजापुर, रायसेन, राजगढ़, बड़वानी, खरगोन, अशोक नगर, निवाड़ी, नीमच, सीहोर, मऊगंज, सिंगरोली सहित प्रदेश के सभी जिलो मे पार्टी जिला अध्यक्ष के माध्यम से भाजपा-कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षों के नाम ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा। उम्मीद है कि सुनवाई होगी, नहीं तो समाज को अपनी हक की लड़ाई के लिए आगे कड़े कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

## सारंगपुर थाने में तीन तलाक का मामला दर्ज




**सारंगपुर।** नगर के बारीखेल क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकार संरक्षण अधिनियम-2019 की धारा-4 के तहत केस पंजीबद्ध किया है। पति ने महिला को तीन बार तलाक बोला और ससुराल वालों ने भी दहेज के लिए प्रताड़ित किया। मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता निवासी तलेन हाल निवास वार्ड-12 बारीखेल सारंगपुर की शिकायत पर वसीम पिता शफीक अंसारी, शफीक सर्व निवासी तलेन और अजीज पिता मजीद अंसारी निवासी रिंगरोड थाना खजराना इंदौर की रिपोर्ट लिखवाई गई है। फरियादिया को उसके पति, ससुर और उसके साथी ने गालियां दी। मारपीट कर जान से मारने की धमकी। साथ ही तीन बार तलाक... तलाक... तलाक... बोला। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया है।

## महिला मंडल ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वावधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के चलते रविवार को पूर्व पार्षद हर्षा पालीवाल के मुख्य अतिथ्य व महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर गांधी चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे वरिष्ठ शिक्षिका रेखा तिवारी विशेष अतिथि के रुप मे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन छाया जोशी ने किया तथा आभार गीता शर्मा ने माना। कार्यक्रम के दौरान थाली साजाओ, रंगोली, मेंहदी, फायरलेस कुकिंग, तात्कालिक भाषण, दुल्हन सजाओ,महिला वर्ग भजन, बालकध बालिका वर्ग दोहो व मंत्रो की अंताक्षरी सहित कई रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## माचलपुर में सेन समाज ने धूमधाम से मनाई सेन जयंती

**माचलपुर।** माचलपुर सहित आसपास गांवों के सेन समाज द्वारा सेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर से बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उल्लेखनीय है कि 13 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सेन जी महाराज का जन्म बांधवगढ़ में हुआ था जिसे अब रीवा के नाम से जाना जाता है।सेन जी महाराज का वास्तविक नाम नंदा था। गुरू रामानंद जी से दीक्षा लेकर सेन जी महाराज वैराग्य की ओर झुक गए। उन्होंने साधु संतों की सेवा के साथ प्रवचन के माध्यम से लोगों में भक्ति भाव और ज्ञान जागृत किया गया। भगवान विष्णु के उपासक सेन महाराज की भक्ति और वैराग्य के कारण ही सेन समाज सेन जी महाराज की जयंती मनाते हैं। इसी अवसर पर माचलपुर में निकली सेन महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर मंगल कलश धारण किए गए। शोभायात्रा में बैंड पर बजे भजनों पर महिलाएं और पुरुष उत्साह के साथ जमकर नाचे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पहुंची जहां एकत्रित समाज के सभी महिला पुरूषों द्वारा सामूहिक भोज भी किया गया। सेन जंयती पर निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में माचलपुर एवं आसपास के समाज के महिला पुरूष शामिल हुए।

## संत सेन महाराज का अभिषेक पूजन कर मनाई जयंती

### सेन महाराज मंदिर पर हुआ आयोजन समाजजनों ने की खुशहाली की कामना



**ब्यावरा।** संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में इस बार समाजजनों ने सेन मंदिर पर ही कार्यक्रम किया। इस अवसर पर समाजजनों ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज का अभिषेक किया। इसके बाद विधिवत रूप से उनकी पूजन की। सेन समाज के आराध्य संत सेन जी महाराज से सभी ने पूजा अर्चना कर देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती सेन समाज हर वर्ष हर्षोल्लास से मनाती है। इस बार चुनावी दौर के कारण इस बार समाजजनों ने सेन मंदिर पर ही सादा आयोजन किया।

इस दिन जहां सेन समाज के कई लोग सेन मंदिर इंदौर नाका पहुंचे और यहां संत सेन महाराज का विशेष रूप से श्रंगार किया। साथ ही समाजजनों ने पंचामृत से विधिवत रूप से अभिषेक भी किया। इसके बाद मंगल आरती की गई। पूजन हवन के बाद महाप्रसादी का वितरण भी किया गया। इस वासर पर स्थानीय सेन समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## प्रशासनिक अमले के पहुंचने पर ग्रामीण माने, एक हैंडपंप के सहारे पूरा गांव

# ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार, आश्वासन के बाद माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आज भी कई गांवों में मूलभूत समस्या को लेकर लोगा परेशान हैं। ऐसे अनेक गांवों में जहां विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के दौरान गांव वाले अपनी मूलभूत समस्या को लेकर चुनाव का बहिष्कार करते हैं और इसके बाद प्रशासन का अमला या नेता उस गांव में पहुंचकर उन्हें समझा देता है कि आपके गांव का संपूर्ण विकास की जिम्मेदारी हमारी है, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

ऐसा ही एक मामला सारंगपुर विधानसभा के गांव खेरचाखेड़ी में देखने को मिला। शनिवार को गांव के जागरूक लोग चुनाव के बहिष्कार की सूचना देने के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और अपने गांव की समस्या मीड़िया को बताई। ग्रामीणों की समस्या पर मीडियाकर्मी उनके गांव पहुंचे और गांव वालों से बात की। ग्रामीणों ने बताया कि खेती एवं पीने के पानी के लिए कोई साधन नहीं हैं। एक हैंडपंप के भरोसे हैं। इतना ही नहीं गांव के खेतों के लिए कुंडालिया डैम से पानी की सुविधा होनी थी वह भी नहीं हुई, जबकि सभी जगह खेती के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है।

ग्रामीणों ने अपनी मुख्य समस्या बताते हुए कहा कि हमारी मुख्य चार मांगे हैं। पहली गांव के खेतों में पानी के लिए पाइप लाइन डालें, दूसरी मांग स्कूल भवन नया बने और स्कूल का पंजीकरण हो जो छठी से लेकर दसवीं तक स्कूल बने। तीसरी मांग गांव से सीधा सड़क मार्ग लीमाचौहान के लिए जोड़ा जाए। चौथी मांग गांव में दो हैंडपम्प लगाए जाएं। इन चार मांगों को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि जब तक कोई अधिकारी लिखित में नहीं देगा तब तक हम लोकसभा चुनाव में वोट नहीं करेंगे। इसकी सूचना हम प्रशासनिक अधिकारी को दे चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 1000 से ज्यादा की जनसंख्या हमारे गांव में है और हमारे बच्चों को कक्षा छठी सातवीं आठवीं नौवीं दसवीं में पढ़ने के लिए कोई साधन नहीं है। पांचवी तक स्कूल है और वह स्कूल भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस स्कूल को मतदान केंद्र भी बनाया गया है स्कूल की छत प्रतिदिन कहीं न कही से गिर रही है। ऐसे में चुनाव के दौरान अगर कोई हादसा होता है तो कौन जिम्मेदार होगा। इसलिए गांव वालों ने ग्रुप से प्रण किया है कि जब तक कोई अधिकारी लिखित आश्वासन नहीं देगा तब तक लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि हमें लिखित आश्वासन चाहिए तभी मतदान की सोचेंगे। जैसे ही उक्त जानकारी प्रशासन को लगी प्रशासनिक अमला भी गांव जा पहुंचा।



### सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा

*ग्राम खेरचाखेड़ी के ग्रामीणों द्वारा गांव के विकास को लेकर लगातार मांग कर रहे थे। उनकी मांग को शासन प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा था इस कारण ग्रामीणों ने एक मत होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का संकल्प लिया और लिखित में अधिकारियों को सूचना दी। मीडिया को भी बहिष्कार के बारे में बताया। सूचना के बाद रविवार को प्रशासनिक अमला गांव पहुंचा तथा लिखित आश्वासन ग्रामीणों को दिया तब जाकर ग्रामीण माने और बहिष्कार का संकल्प वापिस लिया। इस दौरान तहसीलदार मनोज शर्मा ,एसडीओ संजय अग्रवाल, बीएल वर्मा बीएओ सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आपकी विभिन्न मांगे ऊपर पहुंचाई जा रही है तब जाकर ग्रामीण माने।*

### इनका कहना है...

*ग्रामीणों ने चार प्रमुख मांगें बताई गई थीं जिनको लिखित में लिया गया। ग्रामीणों को सभी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया गया।*

**मनोज शर्मा,** तहसीलदार सारंगपुर।